शुभारंभ - 1994

# ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट

मेंटर युवा क्लब

युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार

## वार्षिक प्रतिवेदन

## 2014 - 15


**✪ संयोजन कार्यालय ✪**

बिलासी टाउन, बी0 देवघर-814113 ( झारखण्ड )

**✪ पंजीकृत कार्यालय ✪**

ग्राम+पो0-जमदाहा, प्रखण्ड-कटोरिया

जिला-बाँका-813102 ( बिहार )

# ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट (स्वयंसेवी संस्था)

## जमदाहा, पो0–जमदाहा, जिला–बाँका (बिहार)

## वार्षिक कार्य प्रतिवेदन

## वर्ष 2014–15

BANKA

...भूमि

"ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट" गाँधी एवं नेहरू विचार पर आधारित एक ग्रास रूट का ...यसेवी संस्था है। संस्था सहभागिता और पारदर्शिता में विश्वास करती है। "ग्राम नेहरू ...ट्रस्ट" स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अभिप्रेरित गठित और संचालित जन विकास संस्था है।

संस्था का शुभारम्भ 02 अक्टुवर 1994 गाँधी जयंती में हुआ है। संस्था की पहचान ... जिला, राज्य स्तर पर बना है। संस्था की साख और विश्वास दिनों दिन बढ़ रहा है। "...म नेहरू युवा ट्रस्ट" संस्था का निबंधन और मान्यता – (1) भारतीय न्यास अधि0 1882 (2) नेहरू ...केन्द्र (भारत सरकार) (3) योजना आयोग, भारत सरकार (4) आयकर अधि0 1961 (5) नाबार्ड, ...सरकार के तहत प्राप्त है। संस्था का संबंधन जिला राज्य और राष्ट्रीय स्तर के अनेक नेटवर्कों ...है और बढ़ रहा है।

...लक्ष्य, उद्देश्य :–

ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट" गाँधी एंव नेहरू विचार पर आधारित समतामूलक, शोषण ... शांति प्रिय, न्याय, सौहार्दपूर्ण, सहभागी, जीवंत समाज की स्थापना हेतु गठित होकर कार्यरत

अभिवंचित समूह को राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल करना, राष्ट्रीय एकता और अखण्डता का मजबूत करना, सरकारी/गैर सरकारी योजनाओं से वास्तविक लाभार्थियो को जोड़ना, जनहित का वकालत करना एव जनशक्तिकरण का सतत् प्रयास करना। प्राकृतिक संसाधनों का ...क्षण और संवर्धन भारतीय संस्कृति व सभ्यता का संवर्धन गाँधी और सद्–साहित्य का प्रसार तथा ...लम्बन का प्रसार करना हमारा उद्देश्य है।

कार्यक्षेत्र :–

"ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट" का कार्यक्षेत्र संपूर्ण भारत वर्ष है। स्थापना काल से संस्था ...हार राज्य के भागलपुर सह बाँका जिला एवं संथाल परगना के देवघर एवं गोड्डा जिले में ...ग्रामीण विकास का काम कर रही है।

कृ.पृ.उ............

**प्रबन्धन्यासी**
**ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट**
**जमदाहा कटोरिया (बाँका)**

# वर्ष 2014-15 के संपादित मुख्य कार्यक्रम/योजनाऐं।

1. रक्तदान शिविर।
2. पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन कार्यक्रम।
3. महिला स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम।
4. बालिका की उत्तरजीविता तथा विकास कार्यक्रम।
5. कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम।
6. कन्या भ्रुणहत्या/महिला हिंसा जागरूकता कार्यक्रम।
7. युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम।
8. वित्तीय साक्षरता/जागरूकता कार्यक्रम।
9. स्वास्थ्य जाँच शिविर।
10. एड्स जागरूकता कार्यक्रम।
11. अनुसूचित जाति/जनजाति कौशल विकास प्रशिक्षण।
12. नवीकरणीय उर्जा तकनीक उननयन एवं विकास कार्यक्रम।
13. उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम।
14. महिला कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम (SUTP)।
15. स्वच्छ भारत मिशन/स्वच्छता अभियान कार्यक्रम।
16. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम।

## परिणाम, उपलब्धियाँ व प्रभाव :-

1. रक्तदान शिविर :-

दिनांक-01.05.2014 (मजदूर दिवस) के उपलक्ष्य पर बाँका पुलिस लाईन परिसर में स्वैंक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सदस्य डा0 सुनील कुमार झा, नेहरू युवा केन्द्र के समन्वयक श्री अमल किशोर पासवान जी ने किया। रक्तदान शिविर में 40 युवा/युवतियों ने 80 युनिट रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया।

प्रबन्धन्यासी
ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट
अमदाहा कटोरिया (बाँका)

GRAM NEHRU YUVA TRUST BANKA

2. **पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन सेमिनार :-**

दिनांक-05.06.2014 को **पर्यावरण दिवस** के उपलक्ष्य पर कटोरिया प्रखंड के जयपुर उच्च विद्यालय प्रांगण में ''पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन'' पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन कटोरिया के रेंजर श्री सुनीलशरण एवं मुखिया श्री हरेन्द्र शर्मा ने किया। सेमिनार में 100 से ज्यादा ग्रामीणों, युवाओं ने भाग लिया साथ ही कई पर्यावरण विद्ध, बुद्धिजीवियों ने भी सेमिनार को संबोधित किया, साथ ही पर्यावरण की रक्षा हेतु सबों ने संकल्प लिया।

3. **महिला स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम :-**

दिनांक-15 मई 2014 को कटोरिया प्रखंड अन्तर्गत बसमत्ता पंचायत के नीलकुंज (महादलित टोला) में ''मशरूम उत्पादन'' प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डा0 सुनीता कुशवाहा, कार्यक्रम समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका श्री राम पुकार यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कटोरिया ने संयुक्त रूप से किया। इस प्रशिक्षण में 40 महिलाओं को 3 माह तक प्रशिक्षित किया जायेगा। उसके बाद स्वरोजगार हेतु अग्रेषित किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचित श्री सुनील कुमार मिश्रा जी ने किया।

4. **''बालिका की उत्तर जीविता तथा विकास'' कार्यशाला :-**

दिनांक 16 जून 2014 को कटोरिया प्रखंड के सभागार में दो दिवसीय ''''बालिका की उत्तर जीविता तथा विकास'' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक श्री सोनेलाल हेम्ब्रम एवं सी0डी0पी0ओ0 सुश्री रंजु कुमारी ने किया। कार्यशाला में बालिकाओं और बच्चों की देख-भाल एवं विकास पर विस्तृत रूप से बताया गया। कार्यशाला में 150 से ज्यादा आँगनबाड़ी सेविका/सहायिकाओं सहित समूह के महिलाओं ने भाग लिया। संचालन संस्था के सचिव श्री सुनील कुमार मिश्रा जी ने किया।

5. **कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम :-**

दिनांक-6 जूलाई 2014 को **श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस** भव्य रूप से मनाया गया साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को कौशल विकास के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना कटोरिया प्रखंड के जयपुर बाजार में की गई। जिसका उद्घाटन जयपुर पंचायत के युवा मुखिया श्री हरेन्द्र शर्मा एवं ओ0पी0 प्रभारी श्री

**प्रबन्धन्यासी**
**ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट**

अर्जुन सिंह ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण में 30 युवाओं को 6 माह का कोर्स हेतु नामांकित किया गया। अनुभवी प्रशिक्षक के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, संचालन संस्था सचिव श्री सुनील कुमार मिश्रा जी ने किया।

6. **कन्या भ्रुणहत्या एवं महिला हिंसा पर सेमिनार :-**

दिनांक-11 जूलाई 2014 को **''विश्व जन संख्या दिवस''** के उपलक्ष्य पर झारखंड राज्य के देवघर जिला अन्तर्गत मोहनपुर प्रखंड सभागार में एक दिवसीय कन्या भ्रुणहत्या एवं महिला हिंसा पर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन जिप अध्यक्षा सुश्री किरण कुमारी एवं ने0यु0के0 देवघर के युवा समन्वयक श्री कुमार विनायक जी ने संयुक्त रूप से किया। सेमिनार में कन्या भ्रुणहत्या रोकने हेतु आवश्यक उपाय बताये गये एवं महिलाओं के हिंसा पर भी विस्तार-पूर्वक बताया गया। सेमिनार में 100 से ज्यादा महिलाओं सहित गणमान्य, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों ने भाग लिया।

7. **युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण :-**

दिनांक 29 अगस्त 2014 को कटोरिया प्रखंड के जयपुर स्थित कैलाश मिश्र उच्च विद्यालय प्रांगण में 3 दिवसीय ''युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण का उद्घाटन जिप सदस्या डा0 निक्की हेम्ब्रम, जिला युवा समन्वयक श्री अमल किशोर पासवान, मुखिया श्री हरेन्द्र शर्मा जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम 3 दिवसीय है जिसमें प्रखंड के विभिन्न युवा क्लबों के 40 प्रतिनिधियों/सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षक द्वारा प्रतिभागियों को विषयवार विस्तृत रूप से बताया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण एवं शिक्षकगण, पत्रकार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री सुनील कुमार मिश्रा जी ने किया।

दिनांक-30 अगस्त 2014 को सभी प्रतिभागियों को नेहरू युवा केन्द्र, बाँका द्वारा प्रमाण-पत्र दिया गया।

8. **वित्तीय साक्षरता/समावेशन कार्यक्रम :-**

दिनांक-20 अगस्त 2014 को कटोरिया प्रखंड मुख्यालय सभागार में वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार ग्रामीण बैंक एवं नबार्ड के सौजन्य से किया गया। जिसका उद्घाटन नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक श्री सुरेश कुमार शर्मा, बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबन्धक श्री उत्तम कुमार सिंह, विधायक श्री सोनेलाल हेम्ब्रम

प्रबन्धन्यासी
ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट
जमदाहा कटोरिया (बाँका)

ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में बैंकिंग सुविधा, जनधन योजना, बीमा योजना आदि पर विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रखंड के 20 गाँवों में नुक्कड़ नाटक, दिवाल-लेखन के माध्यम से आम लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम 10 दिवसीय था जिसमें 1000 से भी ज्यादा लोग शामिल हुये। कार्यक्रम का संचालन श्री सुनील कुमार मिश्रा जी ने किया।

9. **स्वास्थ्य जाँच शिविर :-**

दिनांक-25 सितम्बर 2014 को कटोरिया प्रखड के नकटी (आदिवासी गाँव) में **पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती** के उपलक्ष्य पर स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन डा0 योगेन्द्र मंडल, चिकित्सा प्रभारी, रेफरल अस्पताल कटोरिया, विधायक श्री सोनेलाल हेम्ब्रम जिप सदस्या डा0 निक्की हेम्ब्रम ने संयुक्त रूप से किया। सर्वप्रथम पं0 दीनदयाल जी के तस्वीर पर मुख्य अतिथि द्वारा माल्यार्पण किया गया, साथ ही उनके देश-प्रेम, निष्ठा योगदान पर प्रकाश डाला गया। स्वास्थ्य जाँच शिविर में डा0 सुनील झा (शिशु विशेषज्ञ), डा0 विश्व मोहन मिश्र (फिजीसियन), डा0 अशोक कुमार सिंह (हृदयरोग), डा0 सुनैना झा (स्त्री विशेषज्ञ) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही ए0 एन0 एम0, आशा कार्यकर्त्ता संस्था कार्यकर्त्ता ने भी काफी सहयोग किया। जाँच शिविर में 300 से ज्यादा महिला और पुरूषों ने स्वास्थ्य जाँच कराई एवं कुछ आवश्यक दवाओं का भी वितरण किया गया।

10. **एड्स जागरूकता कार्यक्रम :-**

दिनांक 01 अक्टुवर 2014 को **रक्तदान दिवस** के उपलक्ष्य पर झारखण्ड राज्य के देवघर जिला अन्तर्गत सारवाँ प्रखंड के कुशमाहा गाँव में एक दिवसीय एड्स जागरूकता पर आधारित कार्यशाला का उद्घाटन डा0 सुनील सिंह चिकित्सा पदाधिकारी, जिला युवा समन्वयक श्री कुमार विनायक ने0 यु0 के0, देवघर के कर कमलों द्वारा किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में प्रखंड के 100 से ज्यादा युवा/युवतियों ने भाग लिया। कार्यशाला में उपस्थित युवाओं को एड्स से बचाव, लक्षण, ईलाज के बारे में विस्तार-पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य, बुद्धिजीवी, पत्रकार, शिक्षक आदि उपस्थित थे।

Skmishra

प्रबन्धन्यासी
ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट
अमदाहा कटोरिया (बाँका)

11. **अनुसूचित जाति/जनजाति कौशल विकास प्रशिक्षण :-**

दिनांक-10 नवम्बर 2014 को कटोरिया प्रखंड के जमदाहा गाँव में अनुसूचित जाति/जनजाति के उत्थान हेतु ''कौशल विकास प्रशिक्षण के तहत डीजल पम्प सेट मरम्मति'' का प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया (प्रशिक्षण अवधि 3 माह) जिसका विधिवत उद्घाटन विधायक श्री सोनेलाल हेम्ब्रम, जिला कल्याण पदाधिकारी श्री प्रदीप कुमार ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण का आयोजन कल्याण विभाग के सौजन्य से किया गया। प्रशिक्षण में 30 प्रतिभागियों का कौशल विकास हेतु प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण समापन पर सभी प्रतिभागियों को यु0कौ0आर0 सेटी द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

12. **नवीकरणीय उर्जा तकनीक उन्नयन एवं विकास कार्यक्रम :-**

दिनांक-14 दिसम्बर 2014 को बाँका जिला मुख्यालय स्थित नेहरू युवा केन्द्र के सभागार में एक दिवसीय ''नवीकरणीय उर्जा तकनीक उन्नयन एवं विकास'' पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिप अध्यक्षा श्वेता कुमारी, डी0डी0सी0 प्रदीप कुमार, जिला समन्वयक श्री अमल किशोर पासवान ने संयुक्त रूप से किया। सेमिनार में नवीकरणीय उर्जा के स्त्रोत् एवं तकनीक जैसे-सौर उर्जा, पवन उर्जा, बायो उर्जा इत्यादि विषय पर प्रकाश डाला गया। साथ ही सरकार द्वारा दी जानेवाली सहायता पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

13. **उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम :-**

दिनांक-24 दिसम्बर 2014 को झारखंड राज्य के देवघर जिला अन्तर्गत मोहनपुर प्रखंड के रिखिया सामुदायिक भवन परिसर में ''**राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के शुभअवसर पर उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम**'' का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सांसद निशिकांत दुबे, विधायक श्री सुरेश पासवान, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं के अधिकार, कानून, बाजार से जुड़ी समस्याओं का समाधान हेतु प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में 200 लोगों ने भाग लिया जिसमें गणमान्य, शिक्षक, छात्र, किसान, पत्रकार, डीलर आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव श्री सुनील कुमार मिश्रा जी ने किया।

S. K. Mishra

प्रबन्धन्यासी

ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट

[illegible] कटोरिया (बाँका)

14. **महिला कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम (SUTP) :-**

दिनांक-10 जनवरी 2015 को कटोरिया प्रखंड के बसमत्ता पंचायत अन्तर्गत लक्ष्मीपुर गाँव में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं नेहरू युवा केन्द्र संगठन के सौजन्य से महिलाओं के कौशल उन्नयन हेतु सिलाई-कटाई प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन जिप सदस्या डा0 निक्की हेम्ब्रम, जिला समन्वयक श्री अमल किशोर पासवान एवं पंचायत के पूर्व मुखिया श्री नारायण भगत ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण में 20 महिलाओं को 3 माह का प्रशिक्षण दिया गया, प्रशिक्षिका वीणा देवी सहित गाँव के अन्य बुद्धिजीवी, पत्रकारों ने भी कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई।

15. **स्वच्छ भारत मिशन/स्वच्छता अभियान :-**

दिनांक-12 फरवरी 2015 को बाँका जिला मुख्यालय पुलिस लाईन परिसर में स्वच्छ भारत मिशन/स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी श्री साकेत कुमार, जिप अध्यक्षा श्वेता कुमारी एवं जिला समन्वयक श्री अमल किशोर पासवान जी ने संयुक्त रूप से किया। जिला पदाधिकारी सहित सभी युवाओं ने बाँका शहर को सफाई की और Clean Banka, Clean India का नारा लगाया। कार्यक्रम एक सप्ताह तक चला जिसमें जिले के 10 पंचायत अन्तर्गत 150 गाँवों में स्वच्छता अभियान जन जागरण कार्यक्रम चलाया गया जिसमें 50 युवाओं ने भाग लिया।

16. **बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम :-**

दिनांक-08 मार्च 2015 **अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस** के शुभ अवसर पर कटोरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" जागरूकता कार्यक्रम के तहत् एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिप सदस्या डा0 निक्की हेम्ब्रम, प्रमुख श्री अनिल मराण्डी, मुक्ति निकेतन के सचिव श्री अनिरूद्ध प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से किया। सेमिनार में उपस्थित महिलाओं को "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। बेटी क्यों जरूरी है इस पर प्रकाश डाला गया एवं लड़कियों के लिये विभिन्न सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 200 महिलाओं ने भाग लिया और रैली भी निकाली गई।

**प्रबंध न्यासी**

ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट

कटोरिया (बाँका)